Title: Need to expeditiously complete the work, inclusive of building bridges on National Highway No. 104 between Chakia and Sitamarhi via Madhuban and Sheohar in Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : अध्यक्ष महोद्य, मैं माननीय राट्रीय राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान राट्रीय राजमार्ग संख्या 104, चकिया से सीतामढ़ी भाया मधुबन, शिवहर की बदहाली की ओर आकृट करना चाहता हूं। जीरो कि0मी0 चकिया से 22 कि0मी0 कृणनगर चौक तक निर्माण के बाबत प्रस्ताव का निपादन हो चुका है तथा उक्त मद हेतु राशि का भी आबंटन हो चुका है, परंतु मात्र छः कि0मी0 तक ही सड़क निर्माण का कार्य हो पाया है। शेा सड़क के निर्माण हेतु राशि ठेकेदार के पास है और निर्माण कार्य, राशि होने के बावजूद भी ठप्प पड़ा हुआ है। इसके अलावा, द्वितीय खण्ड में कृणनगर से सीतामढ़ी भाया शिवहर की सड़क का निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है, परन्तु अभी तक इस संबंध में विभाग द्वारा कोई साकारात्मक कार्रवाई नहीं की गयी है। यहां तक की उक्त सड़क गड्ढों में तब्दील हो गयी है और आवागमन पूर्णतः अवरूद्ध है।

ज्ञातव्य है कि इसी पथ में शिवहर-सीतामगढ़ी के बीच बागमती नदी के डुब्बा घाट पर स्क्रूपाईप पुल निर्मित था, जो दो साल पहले बाढ़ में ध्वस्त हो गया। ठीक इसी के बगल में राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा चार पाया का निर्माण किया जा चुका है और नदी के बहाव को ध्यान में रखते हुए बिहार राज्य के सिंचाई विभाग द्वारा पुल के दोनों तरफ दो-दो स्पैल बढ़ाने का प्रस्ताव राट्रीय राजमार्ग मंत्रालय को भेजा जा चुका है, परन्तु अभी तक इस परिप्रेक्ष्य में कोई साकारात्मक कार्रवाई नहीं की गयी है।

अतएव, माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि उक्त उल्लेखित राट्रीय राजमार्ग संख्या 104 व डुब्बा घाट पर पुल निर्माण अविलम्ब कराने हेतु अपना साकारात्मक निर्देश िवभाग को दी जाये।